Regarding increase in funds for village development and increase in allowance for Gram Pradhan

श्री प्रवीण पटेल (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे ज़ीरो ऑवर में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं । मैं आपका ध्यान माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी की तरफ आकर्षित करना चाहूंगा । मैं खासकर मनरेगा मजदूरी एवं ग्राम प्रधानों के भत्ते को बढ़ाए जाने की मांग करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष जी, मनरेगा योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित की जा रही है और यूपीए सरकार की तुलना में इस सरकार ने उसके बजट को कई गुना बढ़ाने का काम किया है । जो हमारे गरीब भाई, बहन, मजदूर हैं, उनका भत्ता औसत मजदूरी 289 रुपये प्रति दिवस है । चूंकि, महंगाई भी धीरे-धीरे बढ़ती है तो ऐसी स्थिति में 289 रुपये की मजदूरी में रोजमर्रा की चीजें वहन करना कठिन होता है । मेरी मांग है कि उस मजदूरी को बढ़ाया जाए । जो ग्राम प्रधान निधि है, उसमें पर्याप्त धन न होने से गांव का विकास नहीं हो पाता है । गांव के विकास के लिए ग्राम विकास निधि के धन को बढ़ाया जाए और ग्राम प्रधानों के भत्ते को भी बढ़ाया जाए । मैं यह मांग करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष **:** श्री कंवर सिंह तंवर ? उपस्थित नहीं ।

श्री राजमोहन उन्नीथन ? उपस्थित नहीं ।

सुश्री एस**.** जोतिमणि ।